## एक नजर में

### गैस पाइप लाइन फटने से तेज रिसाव, मची भगदड़

**ग्वालियर.** गिरवाई क्षेत्र के लोग आज तड़के उस समय दहशत में आ गए जब गैस पाइप लाइन फटने और उसमें से तेज रिसाव होने से क्षेत्र के लोग बेचैन हो गए. लोग अपने अपने घरों से अपने बच्चों को लेकर सड़क की तरफ भागे. करीब एक घंटे बाद डायल 112 और अवंतिका गैस का आपातकालीन वाहन पहुंचा तब कहीं राहत अभियान शुरू हो सका. 3 घंटे की मशक्कत के बाद गैस पाइप लाइन का मुख्य कनेक्शन बंद किया गया तब कहीं लोगों ने राहत की सांस ली. यह इमली नाका जैन कॉलोनी, महात्मा गांधी स्कूल के समीप की घटना है.

### तीन तस्करों से 7 पेटी अंग्रेजी शराब जप्त

**शिवपुरी.** जिले की सुभाषपुरा थाना पुलिस ने एक कार से अंग्रेजी शराब ले जा रहे तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से 7 पेटी में करीब 63 लीटर अंग्रेजी शराब और एक कार जब्त की गई है. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले और एसडीओपी संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में सुभाषपुरा थाना पुलिस को इस संबंध में रात में मुखबिर से सूचना मिली थी. मुखबिर ने बताया कि एक नीले रंग की कार में अवैध शराब भरकर तीन व्यक्ति शिवपुरी से ग्वालियर की ओर जा रहे हैं. सूचना मिलने पर थाना प्रभारी राजीव दुबे ने एक टीम गठित की और इंदरगढ़ तहसील के सामने एनएच-46 पर वाहन चेकिंग शुरू कराई. चेकिंग के दौरान संदिग्ध कार को रोका गया और उसकी तलाशी ली गई. कार की डिग्गी से 7 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई. इसमें 5 पेटी गोवा शराब और 2 पेटी 8 पीएम ब्रांड की शराब शामिल थी. पुलिस ने मौके से कार चालक सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया. इनकी पहचान गब्बर नाथ, सुन्दर निवासी ग्राम जलालपुर विसरख, थाना विसरख, जिला गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश और अवलेश नाथ निवासी ग्राम मानपुर बल्ला, थाना जौरा, जिला मुरैना के रूप में हुई.

# होटल संचालक की चाकू मारकर हत्या





**30** हजार का इनाम घोषित फरार आरोपी पर

**02** को पुलिस ने किया गिरफ्तार, एक फरार

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 30 मार्च. अशोका गार्डन थाना क्षेत्र में 35 वर्षीय होटल के संचालक की तीन बदमाशों ने मिलकर हत्या कर दी गई.**

रविवार - सोमवार की दरमियानी रात युवक की हत्या होने पर आक्रोशित लोग रात के समय ही थाने पहुंचे और पुलिस पर आरोपियों की गिरफ्तारी तुरंत करने का दबाव बनाया. पुलिस ने मौके पर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि मुख्य आरोपी की तलाश अभी जारी है. पुलिस ने फरार आरोपी पर 30 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है.

सोमवार को दिनभर अशोका गार्डन इलाके में माहौल तनावपूर्ण दिखा. स्थानीय रहवासी और मृतक के परिजनों ने सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन भी किया. पुलिस विभाग के बड़े अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे और दिनभर स्थिति को संभालते नजर आए. अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) अवधेश गोस्वामी ने बताया कि विजय राजपूत की देर रात को चाकू मारकर हत्या कर दी गई. मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की 4 टीमें गठित की गई है. क्षेत्र में चक्काजाम की घटना को लेकर उन्होंने कहा कि रास्ते पूरे क्लियर किए गए हैं और संगठन के लोगों से भी बात की गई है.

जानकारी के मुताबिक सुभाष कॉलोनी रहवासी विजय रविवार को देर रात अपने होटल में काम करने वाले एक लड़के को छोड़ने के लिए उसके घर जा रहे थे. इसी दौरान रास्ते में आरोपी आसिफ उर्फ बम और उसके दो दोस्त फरमान एवं इमरान बैठे मिले. आसिफ ने विजय से उसके होटल में काम करने वाले लड़के को वहीं छोड़ने की बात कही, जिस पर विजय ने इंकार कर दिया और लड़के को छोड़कर जाने के लिए कहा. इसके बाद दोनों पक्षों में विवाद होने लगा और आरोपी आसिफ के साथ उसके दोस्तों ने विजय के पेट पर चाकू से हमला कर दिया. लहूलुहान हालत में विजय को हमीदिया अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलने हिन्दू संगठन के लोग थाने पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की.

> सोमवार को पूरे दिन अशोका गार्डन थाने के सामने हिन्दू संगठन के लोग बैठ रहे. इस दौरान हनुमान चालीसा का पाठ भी किया. दोपहर के बाद विजय के शव का पीएम कराने के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार किया. विजय के मोहल्ले के लोग जिसमें अधिकतर महिलाएं थाने के सामने पहुंचीं और प्रदर्शन किया. इस दौरान मुख्य सड़क पर वाहनों का जाम भी लगा रहा है. जोन-1 एसीपी बिट्टू शर्मा सहित पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का आश्वसान दिया, जिसके बाद स्थिति को नियंत्रित किया गया. पुलिसकर्मी दिनभर ट्रैफिक क्लीयर कराते रहे.



**उप मुख्यमंत्री ने महामृत्युंजय मंदिर में की पूजा-अर्चना**

**भोपाल.** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा शहर में किला स्थित महामृत्युंजय मंदिर पहुंचकर भगवान शंकर के दर्शन किये और पूजा-अर्चना कर प्रदेश वासियों के कल्याण की कामना की.

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में 3 गिरफ्तार

**नामली।** नामली थाना क्षेत्र में नाबालिग पीड़िता से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई एसपी अमित कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार एवं एसडीओपी किशोर पाटनवाला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गायत्री सोनी के नेतृत्व में की गई।

पुलिस के अनुसार 27 मार्च 2026 को पीड़िता ने नामली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं एवं पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए थे, जिनकी तलाश लगातार जारी थी। 29 मार्च को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी सुमित जाट और पवन जाट को गिरफ्तार किया। इसके बाद 30 मार्च को तीसरे आरोपी राजवीर कुमावत को भी पकड़ लिया गया।

## कार ने मचाया तांडव, युवक की मौत, दो बच्चों समेत 3 घायल

**जबलपुर, 30 मार्च. सिविल लाइन थाना अंतर्गत ललित कॉलोनी में आज एक अनियंत्रित कार ने जमकर तांडव मचाया. रफ्तार के कहर ने न सिर्फ राहगीरों को अपनी चपेट में लिया, बल्कि घर के बाहर सुकून से बैठे एक युवक की जान भी ले ली. इस घटना में एक 32 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो मासूम बच्चों सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं.**

सिविल लाइन थाना प्रभारी पूर्वा चौरसिया के अनुसार दुर्घटना कार क्रमांक एमपी 20 सीएल 0537 से हुई है, कार ललित कॉलोनी निवासी बलविंदर सिंह की बताई जा रही है. हादसे के वक्त कार को रोहित नाम का युवक चला रहा था. प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि कॉलोनी के भीतर कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि चालक ने नियंत्रण खो दिया. सबसे पहले कार ने एक बाइक सवार सुमित (41 वर्ष) को जोरदार टक्कर मारी. बाइक को टक्कर मारने के बाद भी कार नहीं रुकी और रास्ते में खेल रहे दो बच्चों, अभिनव (8) और आरिफ (12) को रौंदते हुए आगे बढ़ गई. वाहन चालक लापरवाही पूर्वक कार को दौड़ाता रहा और अंत में घर के बाहर बैठकर शांति से अखबार पढ़ रहे विकेश (32) को सीधी टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि विकेश ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया.

# नागदा-गोधरा रेलखंड बना मंडल का पहला 'कवच'

▸ **डीआरएम ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ**

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम। यात्री सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में भारतीय रेल ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्वदेशी ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम 'कवच' को दिल्ली-मुंबई उच्च घनत्व नेटवर्क के नागदा-गोधरा खंड पर सफलतापूर्वक लागू कर दिया है।**

रतलाम रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 4 पर सोमवार दोपहर मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार व अन्य रेल अधिकारियों ने कवच प्रणाली से सुसज्जित लोकोमोटिव को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

लोकोमोटिव के प्रस्थान के साथ ही नागदा-गोधरा रेलखंड रतलाम मंडल का पहला ऐसा खंड बन गया, जहां 'कवच' पूरी तरह कार्यरत हो गया है। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रास्ट्रक्चर) अक्षय कुमार, (ऑपरेशन) कुंजीलाल मीना सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**9 हजार किमी से अधिक ट्रॉयल पूर्ण**

जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार, कमीशनिंग से पहले प्रणाली का गहन परीक्षण किया गया। 9000 किमी से अधिक ट्रायल सफलतापूर्वक पूरे करने के बाद इसे स्वतंत्र सुरक्षा मूल्यांकनकर्ता द्वारा प्रमाणित किया गया। 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत विकसित 'कवच' प्रणाली सिग्नल पासिंग एट डेंजर को रोकने, ओवरस्पीडिंग नियंत्रण, टक्कर से बचाव, रियल-टाइम सिग्नल जानकारी और आपात स्थिति में एसओएस संदेश जैसी उन्नत सुविधाएं प्रदान करती है।





## हनुमान लोक में गूंजी जगद्गुरु रामभद्राचार्य की अमृतवाणी

**सौसर 30 मार्च. हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर जामसांवली धाम के हनुमान लोक में आयोजित दिव्य रामकथा के दूसरे दिन भक्ति और ज्ञान का अद्भुत संगम देखने को मिला.**

पद्मविभूषण तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने भगवान श्रीराम की बाल्यावस्था, गुरुकुल जीवन और आदर्श संस्कारों का मार्मिक वर्णन कर पंडाल को मंत्रमुग्ध कर दिया. कथा प्रारंभ में जगद्गुरु ने हनुमान जी के दर्शन कर विश्व कल्याण की कामना की. कार्यक्रम में भगवान श्रीराम के जन्म का प्रसंग जीवंत हुआ, जब मंच पर एक नन्हे बालक को 'रामलला' के रूप में प्रस्तुत किया गया. जगद्गुरु ने वात्सल्य भाव से उसका नामकरण 'राघव' किया. इस दौरान श्रद्धालु 'जय श्रीराम' और 'जय हनुमान' के जयघोष से भाव-विभोर हो गए. जगद्गुरु ने श्रीराम की लीलाओं को पांच स्वरूपों में समझाया - संस्कार लीला (बाल्यकाल व गुरुकुल), श्रृंगार लीला (सीता स्वयंवर व दांपत्य आदर्श), विहार लीला (वनवास व सेवा), संहार लीला (अधर्म का नाश), और राज्याभिषेक लीला (रामराज्य की स्थापना).

# 1200 किमी दूर 'धार' के जंगलों में सर्जिकल स्ट्राइक

**अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश** 23 .80 लाख की सनसनीखेज चोरी के 02 शातिर आरोपी गिरफ्तार

**सीधी, 30 मार्च. सीधी पुलिस ने 1200 किलोमीटर दूर मध्य प्रदेश के धार जिले के दुर्गम जंगलों में सर्जिकल स्ट्राइक कर अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश किया. पुलिस ने 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों और सायबर सेल की मदद से 23.80 लाख रुपये की सनसनीखेज चोरी की गुत्थी सुलझाते हुए 2 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया.**

पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन और एसडीओपी चुरहट रवि प्रकाश के नेतृत्व में थाना कमर्जी पुलिस ने यह बड़ी सफलता हासिल की. विगत दिनों फरियादी रोशन सिंह चौहान, ग्राम कोल्हूडीह, के सूने मकान का दरवाजा तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने सोने-चांदी के जेवरात और नगदी चोरी कर दी थी. गंभीरता को देखते हुए अपराध धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस 2023 के तहत विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया.

टीम ने घटनास्थल, टोल प्लाजा और बॉर्डर क्षेत्रों के 200+ सीसीटीवी कैमरों का सघन विश्लेषण किया. सायबर सेल की तकनीकी मदद से संदिग्ध सफेद रंग की अर्टिगा कार का पीछा कर टीम जिला धार के थाना टांडा और थाना बाग के जंगलों तक पहुँची. स्थानीय पुलिस के सहयोग से दो मुख्य आरोपियों—दिनेश मंडलोई (33, भगोरी, बाग) और अदन अलावा (45, पीपलवा, टांडा)—को दबोच लिया गया. चोरी का बरामद माल: आरोपियों के कब्जे से 40 ग्राम सोना (6 लाख), 450 ग्राम चांदी (1.80 लाख), घटना में प्रयुक्त सफेद अर्टिगा कार (10 लाख) और चोरी के पैसों से खरीदी गई नई ईको ओमनी कार (6 लाख) बरामद हुई. गिरोह के अन्य फरार सदस्यों की तलाश जारी है.




> टीम का योगदान : इस कठिन और साहसिक ऑपरेशन में उपनिरीक्षक अतर सिंह, सउनि केसरी प्रसाद पांडे, आरक्षक प्रदीप मिश्रा, आरक्षक आजाद खान, आरक्षक नवीन सिंह, आरक्षक सुनील डावर, आरक्षक नीरज सिंह और आरक्षक शिवम पाण्डेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही. यह कार्रवाई न केवल अंतरराज्यीय अपराधियों पर पुलिस की सख्त कार्रवाई का उदाहरण है, बल्कि तकनीकी और फील्ड समन्वय की प्रभावशीलता को भी दर्शाती है.



## ओशो ध्यान साधना शिविर आनंद में डूबे ओशो प्रेमी

**शिवपुरी, 30 मार्च. ओशो ध्यान साधना शिविर में 226 ओशो प्रेमी, स्वामी, मां, ओशो की देशना, नृत्य, ध्यान, साधना के ध्यान में सुबह 6.30से रात 8.30 तक एवं रात में होने वाली जोरबा पार्टी मे 9 से 10.30 बजे तक आनंद में डूबे हैं.**

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 31वां ओशो ध्यान साधना शिविर का शुभारंभ हुआ. शिविर 31 मार्च तक स्थानीय रातौर रोड पर स्थित शिव रिसोर्ट में ओशो की देशना के अनुसार मधुवन ओशो आश्रम चाँपा छत्तीसगढ के विश्व विख्यात ओशो शिविर संचालक आनंद एकांत के संचालन में लगा है.

देशभर के 226 ओशो प्रेमी नृत्य, ध्यान, साधना, ओशो के प्रवचन सुनकर विभिन्न ध्यान के विधियां को करके आनंद में डूब रहे हैं. ओशो परिवार द्वारा आयोजित उपरोक्त ओशो ध्यान, साधना शिविर के प्रमुख सहयोगी राजकुमार बिंदल, प्रमुख प्रबंधक गोपाल स्वर संगम, मीडिया प्रभारी डा. भूपेन्द्र विकल के अनुसार आवासीय शिविर में शिवपुरी जिले के ओशो प्रेमियों के अलावा संपूर्ण मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और कई राज्यों के लोग सुनाने पहुंचे.

# वायुसेवाओं को बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे : तन्खा

**जबलपुर, 30 मार्च. जबलपुर की वायु सेवाओं को बढ़ाने समुचित प्रयास किए जाएंगे ताकि यहां से भारत के प्रमुख शहरों के लिए वायु सेवाएं उपलब्ध हो सकें. ये बात राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा ने वायु सेवा संघर्ष समिति के साथ आयोजित बैठक के दौरान कही.**

उन्होंने कहा कि जबलपुर से पूर्व में पुणे, अहमदाबाद, कोलकाता तथा चेन्नई के लिए भी सीधी वायु सेवाएं उपलब्ध थीं जो कि किन्हीं कारणों से बंद हो चुकी हैं और इसका खामियाजा न केवल जबलपुर बल्कि संपूर्ण महाकौशल एवं पूर्वी मध्य प्रदेश के नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है. इसलिए निकट भविष्य में प्राथमिकता के आधार पर जबलपुर पुणे की फ्लाइट शीघ्र ही आरंभ कराने भरसक प्रयास किए जाएंगे.



**सांसद ने दो कंपनियों से की चर्चा**

इस अवसर पर वायुसेवा संघर्ष समिति के संयोजक हिमांशु खरे ने बताया कि शनिवार को समिति के सदस्यों ने राज्यसभा सांसद को जबलपुर की वायु सेवाओं के संबंध में एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा और समिति के प्रतिनिधिमंडल ने औपचारिक वार्ता कर सांसद से जबलपुर की वायु सेवाओं को सुधारने प्रयास करने आग्रह किया. हिमांशु खरे ने बताया कि उक्त अवसर पर विवेक तन्खा ने त्वरित प्रयास करते हुए दो निजी एयरलाइन कंपनियों से दूरभाष पर बात की. तथा उन्हें जबलपुर पुणे तथा अन्य मार्गों पर शीघ्र वायुसेवा आरंभ करने आग्रह किया. तन्खा ने निजी विमानन कंपनियों को जबलपुर की महत्वत्ता के बारे में अवगत कराया.

## युवाचार्य महेंद्र ऋषिजी आएंगे रतलाम

**रतलाम।** श्रमण संघीय युवाचार्य पूज्य महेंद्र ऋषि मसा को रतलाम पधारने की विनती हेतु श्री जैन दिवाकर नवयुवक मंडल के लगभग 25 सदस्य रविवार को खाचरोद पहुँचे।

खाचरोद में आयोजित विशाल धर्मसभा में जहाँ हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे, नवयुवक मंडल के अध्यक्ष आशिष कटारिया ने युवाचार्य श्री के समक्ष रतलाम पधारने की विनम्र विनती प्रस्तुत की। युवाचार्य भगवंत ने अत्यंत सरल एवं करुणामय भाव से विनती को स्वीकार करते हुए लगभग 3 अप्रैल 2026 तक रतलाम पधारने की संभावना व्यक्त की, जिससे रतलाम श्री संघ में हर्ष का वातावरण व्याप्त हो गया। ज्ञात रहे ही युवाचार्य बनने के पश्चात पूज्य गुरुदेव का प्रथम रतलाम आगमन हो रहा है।

**अभियान** मंत्री सिलावट ने क्षेत्रों में जल संवर्धन और संरक्षण के कार्य बढ़ाने पर दिया जोर

# पूर्ण गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा कराने के दिए निर्देश

**भोपाल, 30 मार्च. जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है. इस अभियान के तहत गांव-गांव और नगर-नगर में जल संरक्षण और जल संवर्धन से जुड़े कार्य किए जा रहे हैं. मंत्री ने अधिकारियों को सभी वर्गों और आम जनता के सहयोग से अपने-अपने क्षेत्र में अभियान को प्रभावी बनाने और कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए.**

जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से शुरू होकर 30 जून तक चलेगा. सोमवार को मंत्री सिलावट ने अपने निवास कार्यालय में अभियान संबंधी समीक्षा बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए. बैठक में अपर मुख्य सचिव जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा, अधीक्षण यंत्री श्री पुष्पेंद्र सिंह, हर्षा जैनवाल एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे.



मंत्री ने निर्देश दिए कि आगामी कार्यों की विस्तृत रूपरेखा अगले तीन दिनों में तैयार कर प्रस्तुत की जाए. विभाग द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप अभियान की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. बैठक में बताया कि अभियान के तहत जल संग्रहण स्त्रोतों का रख-रखाव और मरम्मत, तालाबों की पाल का पुनर्निर्माण, पिचिंग और बोल्डर टो का कार्य, नहरों में घास, झाड़ी और छोटे पौधों की सफाई, शहरी क्षेत्रों में नहरों का सीमांकन, स्टाप डेम बैराज-वीयर के गेट की मरम्मत, बांध के फ्लस बार स्लूज बेल की सफाई, केचमेंट एरिया में अवरोध हटाना और वृक्षारोपण जैसी गतिविधियां कराई जा रही हैं. मंत्री ने अधिकारियों से सभी कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता और तकनीकी मानकों के अनुसार सम्पन्न कराने के निर्देश दिए, ताकि जल संरक्षण एवं संवर्धन अभियान पूरी तरह सफल हो और प्रदेश में जल सुरक्षा सुनिश्चित हो.